# रणजीत टाइम्स

इंदौर

बुधवार , 4 जून, 2025

वर्ष 01 | अंक 144 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


## संत श्री ज्ञानेश्वर जी द्वारा वर्णित 'वस्तुप्रभा' अर्थात् चैतन्य की अनुभूति पाएं सहजयोग से



**दैनिक रणजीत टाइम्स** महाराष्ट्र के प्रसिद्ध संत श्री ज्ञानेश्वर जी महाराज के तत्वज्ञान का केवल एक ही संदेश है, वो है 'जग ही असकी वस्तुप्रभा' अर्थात जग उस ब्रह्म शक्ति का ,चित्त शक्ति का विलास है, प्रकटीकरण है । 'सर्वं खलू इदंब्रह्म' अर्थात यह संपूर्ण नामरूपात्मक जग ब्रह्म शक्ति का अविष्कार है । इशावस्योपनिषद् में उपनिषद् कार कहते हैं , इस जगत मे जो कुछ भी स्थावर, जंगम है वो ईश्वरीय शक्ति से आच्छादित है । मुण्डकोपनिषद् में उपनिषद् कार कहते हैं, यह अमृतमयी ब्रह्म आगे, पीछे , दायें , बायें चहुं ओर है | यह एकमेवाद्बितीय ब्रह्म ने जगत का रूप धारण किया हुआ है । संत ज्ञानेश्वरने इस ब्रह्मतत्व का साक्षात्कार अपने श्री गुरू निवृत्तीनाथ से पाया और ज्ञानेश्वरी और अपने अन्य तात्विक ग्रंथों में इस चिद्विलासवादी तत्व को, चैतन्य तत्व को प्रतिपादित किया , अनेक उपमा, दृष्टांत देकर सामान्य जनों को समझाया । इसे सहज योग ध्यान द्वारा हम जान सकते हैं, अनुभूत कर सकते हैं | सहजयोग संस्थापिका परमपूज्य श्री माताजी ने सामूहिक आत्मसाक्षात्कार की पद्धति की खोज कर साधक को इस ब्रह्म शक्ति से अनुभूत कराया । सामूहिक कुंडलिनी जागरण कर एक सामान्य गृहस्थ को साधक और संत की श्रेणी में खड़ा कर दिया । सहजयोग में जब साधक की कुंडलिनी जागृत होती है तो वह आदिमाया, उध्वर्गमी होती है । सारी भारी चीजें नीचे गिरती हैं लेकिन कुंडलिनी शक्ति ऊपर की ओर उठती है , क्यों कि यह अग्नि के समान है । कुंडलिनी में अग्नि की तरह शुद्ध करने की शक्ति होती है । अग्नि की यह विशेषता है कि, वह जो वस्तुएं जलने योग्य हैं उन्हे जला देती है और जो वस्तुएँ नही जल सकतीं उन्हें शुद्ध कर देती है । जैसे हम दिवाली के समय अपना सारा घर स्वच्छ कर , बेकार, अनुपयोगी चीजें इकठ्ठा कर मैदान में जला देते हैं , उसी प्रकार जब कुंडलिनी माँ उर्ध्वगामी होती हैं तब हमारा आत्मदीप प्रकाशित कर, हमारे अंदर की सारी अशुद्ध इच्छायें , अशुद्धविचार, अशुद्ध भावनायें , अहंकार और अन्य तमाम व्यर्थ की चीजों को जला देती हैं । ये सब चीजें स्थायी नहीं होती , इसलिये जल जाती हैं । जो चीजें शाश्वत नहीं हैं, कुंडलिनी उन्हें नष्ट कर देती है।

इस प्रक्रिया में 'आत्मदीप' प्रकाशित होता है, उर्ध्वगामी कुंडलिनी की यह शिखा अग्निसमान तेजस्वी होकर भी बहुत सुंदर शीतल और कोमल होती है । यह हर उस चीज को नष्ट करती है, जो हमारे अध्यात्मिक उत्थान में रूकावट डालती है, अशुद्ध करती है , या बीमारी जैसी है और अंततः यह हमारे पूरे सिस्टम को शांत, शीतल और हलका कर देती है। हमारे अंदर का प्रेमरस जागृत कर देती है । एक आत्मसाक्षात्कारी व्यक्ति के हृदय में वह सदैव प्रेम की लहरियाँ उत्पन्न करती है, उसमें श्री गणेश की श्रध्दा, समर्पण और श्री हनुमान की शुद्ध क्रिया शक्ति जाग्रत होती है । उसे लगता है कि अगर जग असकी ''वस्तुप्रभा'' अर्थात चैतन्य का प्रगटीकरण है, तो यह प्रगटीकरण ,इसका आनंद सभी को मिलना चाहिये । कुंडलिनी शक्ति की यह सुकोमल दीपशिखा विश्व के सारे सहजयोगियों ने अनुभूत की है , और आप भी कर सकते हैं, आईये सहजयोग सीखते हैं । सहजयोग पूर्णतया निःशुल्क है। सहजयोग हेतु आप जानकारी निम्न साधनों से पा सकते हैं। टोल फ्री नं – 1800 2700 800। बेवसाइट - sahajayoga.org.in यूट्यूब चैनल – लर्निंग सहजयोगा

# ब्लाक की नदियों मे अवैध उतखनन और खुलेआम बिना रायलटी हो रहा परिवहन



आमला। विकासखंड में बीच का जम्बाड़ा बोरदेही ,बारछी छावल देवगांव कोंडरखापा गुब्बड़ घाट क्षेत्र में अवैध रेत का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। यहां रेत की कोई भी खदान लीज पर नहीं है फिर भी रेत की चोरी बेखौफ हो रही है। शासन-प्रशासन, खनिज, वन विभाग लाख सफाई दे ,कार्रवाई की बात करें लेकिन आज भी वर्षों से स्थानीय कुछ लोग अवैध रेत के कारोबार में निरंतर लगे हुए हैं उनके इस कारोबार पर आज तक कोई कार्यवाही नही हुई। और यही कारण है कि इनके कारोबार पर आज तक ना तो रुकावट आई और ना ही इन्हें कानून का भय है।

### पंजीयन नहीं फिर भी खुलेआम से हो रहा रेत का परिवहन

खनिज संपदा को परिवहन के लिए वाहनों का खनिज विभाग में पंजीयन आवश्यक होता है। आमला विकासखंड में किसी भी वाहन का पंजीयन रेत, मुरुम और गिट्टी सहित अन्य खनिज परिवहन का एक भी नहीं है फिर भी पूरे क्षेत्र में सेकड़ो ट्रैक्टर रेत, गिट्टी, मुरुम आदि खनिज संपदा का परिवहन नियम विरुद्ध हो रहा है। यह वाहन कृषि कार्य को छोडकर व्यवसायिक कार्य में कैसे लगे हैं, इसको चेक करने की भी अधिकारियों को फुर्सत नहीं हैं।

### रेत के लिए छलनी कर डाले जलीय जीवों के रहवास

क्षेत्र में रेत माफिया पर अंकुश नहीं लग पा रहा। अंधाधुंध तरीके से अवैध उत्खनन कर रहे माफिया ने बेल नदी किनारों को छलनी कर रखा है। जेसीबी व लेवरो से दिनदहाड़े अवैध उत्खनन किया जा रहा है। इसका सबसे बुरा असर जलीयजीवों के घरोंदों पर हो रहा है। बेल नदी में जहां-जहां अवैध उत्खनन हो रहा है, वहां-वहां से जलीयजीव पलायन कर चुके हैं। माफिया ने नदी के किनारों को खोद-खोदकर छलनी कर दिया है, जिससे बेल का आमला से तिरमहू जम्बाड़ा देवगांव बरछी खेड़लीबाजार मोरखा का पूरा स्वरूप ही बिगड गया है। किनारों से लेकर खेतो तक में अवैध रेत के स्टाक रेत माफियाओ ने बेल नदी के किनारों से लेकर ग्रामीण बस्तियों खेतो में अवैध रेत के स्टाक कर रखे हैं। बेल नदी किनारों पर ही रेत माफियाओं ने छोटे-छोटे टीले बनाकर रेत का स्टाक कर रखा है। ग्रामो मे सेकड़ो ट्राली रेत का स्टाक रखा हुआ है। बारिश के सीजन में जब बेल नदी उफान पर होती है, तब रेत माफिया स्टाक किए गए रेत को महंगे दामों में खपाते हैं।

### रेत माफियाओ के सूचना तंत्र मजबूत

अवैध उत्खनन के लगातार बढऩे और विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई के अभाव में रेत माफियाओं अपने काम में सफल हो रहे हैं। विभाग के अधिकारी जब कार्रवाई के लिए निकलते हैं तो खनन माफियाओं को इसकी जानकारी मिल जाती है, जिसमें उस दिन खनन माफिया रेत की निकासी बंद रखते हैं। दूसरी ओर यदि यदा कदा विभागीय अधिकारी निरीक्षण के लिए क्षेत्र में तो जाते हैं, लेकिन जहां अवैध खनन होता है, वहां वे पहुंच नहीं पाते। ऐसे में खनन माफिया फायदा उठाकर धडल्ले से खनन कर रहे हैं और विभाग द्वारा अवैध खनन करने वालों के ऊपर सख्त कार्रवाई न करना कई सवालों को जन्म दे रहा है।

कहना कहना है खनीज निरीक्षक मनीष प्लेवार ने बताया शीघ्र ही आमला ब्लाक मे हो रहे रेत उतखनन व भंडारण की जानकारी लेकर वे स्वय ही कार्यवाही करेंगे।

# शिवपुरी मे सोती रही पुलिस और जागते रहे चोर खिड़की तोड़कर लाखों की चोरी

दैनिक रणजीत टाइम्स

ऋषि गोस्वामी


शिवपुरी मे सोती रही पुलिस और जागते रहे चोर खिड़की तोड़कर लाखों की चोरी गुरुद्वारा स्थित जैन टेलीकॉम को चोरों ने बनाया निशाना, कोतवाली पुलिस मौके पर.रात्रि गश्त पर उठे सवाल जबकि पुलिस का एक प्वाइंट स्टेट बैंक के पास रहता है,बैंक और एटीएम सिक्योरिटी गार्ड भी रहे नदारद इतनी सुरक्षित जगह पर चोरी कैसे हुई शिवपुरी के गुरुद्वारा चौक पर स्थित जैन टेलिकॉम में सोमवार रात चोरी हुई। चोर दुकान की दूसरी मंजिल की खिड़की तोड़कर अंदर घुसे। उन्होंने तीन गल्लों में रखी करीब डेढ़




लाख रुपए की नगदी चुरा लिए । दुकान के मालिक मनोज जैन मंगलवार सुबह जब दुकान पहुंचे, तब चोरी का पता चला। जैन ने बताया कि वे ऑनलाइन सर्विस और कियोस्क सेंटर चलाते हैं।

सोमवार को जल्दबाजी में एक गल्ले में एक लाख रुपए से ज्यादा की नगदी छोड़ गए थे। अन्य दो गल्लों में करीब 30-35 हजार रुपए रखे थे। संचालक ने रात में बंद कर दिए थे सीसीटीवी सुबह दुकान खोलने पर उन्होंने देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा था और गल्ले खाली थे। दुकान में सीसीटीवी कैमरे लगे थे, लेकिन शॉर्टसर्किट की आशंका के कारण संचालक ने रात में कैमरे बंद कर दिए थे। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## दुबई थीम पर आधारित सनावद मेला महोत्सव बना आकर्षण का केंद्र



### आकर्षण विद्युत साजसज्जा के साथ बच्चे व बडे झूलो का ले रहे हैं आनंद

आशीष शर्मा

सनावद-शहर के सूत मिल मैदान में आयोजित सनावद मेला महोत्सव इन दिनों आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। जहां आकर्षक विद्युत साजसज्जा के साथ शहर में पहली बार दुबई थीम पर आयोजित मेले के साथ बच्चों व बडो के लिए आकर्षक झूले, व्यंजनों, कटलरी, घरेलू सामान, कास्मेटिक सहित अन्य दुकाने सजी हुई है। जिसमें शहर सहित आसपास के क्षेत्र के लोग जमकर लुत्फ उठा रहे हैं। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया शहर में इस तरह का यह पहला प्रयास है। जिसमें दुबई थीम आधारित मेले में लोग परिवार के साथ आनंद ले रहे हैं। साथ ही खरीदारी के साथ मनोरंजन का भी आनंद ले पा रहे हैं। यहां एक ही छत के नीचे हर तरह के उत्पाद मिलेंगे वहीं फूड जोन में अनेक तरह के व्यंजनों का लुत्फ भी उठा रहे हैं। जिसमें आकर्षक झूले के साथ स्वादिष्ट व्यंजनों की भी व्यवस्था है। बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए खास कोलंबस, ब्रेक डांस, डाली झूला, ट्रेन, रॉकेट झूला, मिक्की माउंस सहित अन्य अन्य झूलो का आनंद लिया जा सकता है। शाम को इस मेले की आकर्षक विद्युत सज्जा देखने लायक होती है। जिसमें दुबई की प्रसिद्ध इमारत बुर्ज खलीफा, एल्फिन टॉवर सहित अन्य आकर्षक इमारतो के साथ लोग सेल्फी व फोटो खिंचाने के लिए लोगों की होड देखी जा सकती है। समिति के सदस्यों ने बताया शहर के युवाओं का यह प्रयास रंग ला रहा है। जिसमें कई लोगों को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने के साथ ही लोगों के लिए मनोरंजन भी हो रहा है और बच्चों के ग्रीष्मकालीन अवकाश का उपयोग भी हो रहा है।

## नेशनल हाईवे ग्राम मगरखेड़ी चौराहे पर स्पीड ब्रेकर बनने से हो सकता है, अब दुर्घटनाओं पर नियंत्रण ग्रामीणों को मिलेगी राहत



दैनिक रणजीत टाइम्स

शिवकुमार राठौड़

कसरावद.कसरावद तहसील क्षेत्र के मुंबई आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर लगातार दुर्घटनाएं हो रही थी।वही इस क्षेत्र को दुर्घटना संभावित क्षेत्र भी घोषित किया गया है।वही लगातार हादसे होने से कई बेगुनाह लोगो ने अपनी जाने गंवा दी है।जिसमे खलटाका नर्मदा पुल से ठीकरी पुल तक कुल छह ब्लेक स्पॉट बन चुके है। जहां पर लगातार दुर्घटनाओं का ग्रोथ बढ़ता जा रहा है जिसमे से अभी सिर्फ दो स्थानों ग्राम मगरखेड़ी चौराहा सहित निमरानी बायपास रोड़ पर स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं जिसमे करीब पांच स्थानों पर स्पीड ब्रेकर की मांग की गई थी।जिसमे एनएचआई द्वारा स्वीकृत कर सिर्फ दो स्थानों को ही चिन्हित किया गया है जिसमे ग्राम मगरखेड़ी चौराहे पर भी स्पीड ब्रेकर बना दिए गए हैं।जिससे ग्रामीणों ने भी राहत की सांस ली है वही स्पीड ब्रेकर लग जाने से अब लगता है की दुर्घटनाओं पर नियंत्रण हो सकेगा।स्पीड ब्रेकर लग जाने से अब वाहनों की स्पीड कम होते ही राहगीरों द्वारा आसानी से रोड़ क्रास कर लिया जाएगा।

वही रविवार को हॉट बाजार होने से भी लगातार भारी संख्या में लोगों का आना जाना होता है जिसको लेकर भी अब कुछ हद समस्या से निजात मिल पाएगी। वही इस समस्या को लेकर खरगोन बड़वानी सांसद गजेंद्र सिंह पटेल खरगोन जिला कलेक्टर भव्या मित्तल और एडिशनल एसपी शकुंतला रूहल को भी इस समस्या से आवेदन देकर अवगत करवाया गया था जिसे लेकर सड़क सुरक्षा सप्ताह की बैठक में आदेश देकर ब्लेक स्पॉट को चिन्हित कर स्पीड ब्रेकर बनाने के निर्देश दिए गए थे। वही पूर्व में भी स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग को लेकर ग्राम पंचायत मगरखेड़ी निमरानी सत्राटी मुकंदपुरा सहित स्थानीय पंचायतों के माध्यम से खरगोन कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा को अवगत करवाया गया था।लेकिन यह सौगात ग्रामीणों को अब मिल पाई है। जिसका लगातार समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों से संज्ञान लेते हुए यह स्पीड ब्रेकर बनाने का कार्य कुछ स्थानों पर सफल हो पाया है।ग्राम मगरखेड़ी में स्पीड ब्रेकर बनना बहुत जरूरी था क्योंकि इस ग्राम से सभी ग्रामों के लोग होकर गुजरते हैं स्कूल मजदूर सहित किसानों को भी इस समस्या से गुजरना पड़ता था अब स्पीड ब्रेकर बनने से ग्रामीणों में भी हर्ष का माहौल है।साथ ही उनको अब काफ़ी राहत मिल पाएगी।ग्राम मगरखेड़ी में रविवार को करीब चालीस ग्रामों के लोगो का आवागमन होता है।

# आठनेर के सरकारी अस्पताल में आयोजित हुआ मोतियाबिंद जांच परामर्श एवं शिविर

## मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद नहाते समय आंखों में गंदा पानी जाने से बचाएं: डॉ शुभम शर्मा

**संदीप वाईकर बैतूल**



आठनेर। युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल एवं चिरायु मेडिकल अस्पताल भोपाल के सहयोग से आठनेर के सरकारी अस्पताल में मोतियाबिंद जांच परामर्श एवं शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ डॉ जीएस अर्गल, डॉ शुभम शर्मा, अभिषेकशुक्ला, गोपाल साहू, पिंकेश कुमार ने माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं मालार्पण कर शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अस्पताल के चिकित्सक डॉ शुभम शर्मा ने कहा कि मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद आंखों को संक्रमण से बचाने, सूजन कम करने और सही ढंग से ठीक होने के लिए कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए इसके अंतर्गत ऑपरेशन के बाद आई ड्रॉप का इस्तेमाल डॉक्टर के बताए अनुसार करना चाहिए, आंखों को छूने या रगड़ने से बचना चाहिए और कुछ समय के लिए भारी समान नहीं उठाना चाहिए। डॉक्टर द्वारा जो आई ड्रॉप का इस्तेमाल करने का तरीका बताया गया है उसके अनुसार ही दवाइयां का प्रयोग आंखों में करना चाहिए। डॉ शुभम शर्मा ने बताया कि आंखों को छूने धकेलने या रगड़ने से बचना चाहिए इससे संक्रमण हो सकता है। तेज हवा वाले स्थान पर जाने से बचना चाहिए जहां धूल गंदगी आंखों में जा सकती है। मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद नहाते समय आपकी आंखों में गंदा पानी जाने से बचना चाहिए । आठनेर सरकारी अस्पताल के नेत्र चिकित्सा सहायक डॉ जी एस अर्गल ने कहा कि आंखों में मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद मोतियाबिंद सर्जरी की सही रिकवरी के लिए स्वस्थ आहार लेना बहुत जरूरी है । इसमें विटामिन और मिनरल से भरपूर हरी सब्जियां भोजन में इस्तेमाल करना जरूरी है। यदि आपको सर्जरी के बाद कोई दर्द या परेशानी होती है तो अपने आसपास के नजदीकी चिकित्सक या सरकारी अस्पताल केचिकित्सक को बताना चाहिए। धूम्रपान और शराब पीना ठीक नहीं है इससे आंखों की रिकवरी करने में परेशानी हो सकतीहै। मोतियाबिंद शिविर में 70 मरीजों की जांच की गई 30 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया सभी मरीजों के ऑपरेशन चिरायु मेडिकल अस्पताल भोपाल में किए जाएंगे।गोपाल साहू ने बताया कि युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल द्वारा बैतूल जिले के सभी 10 ब्लॉकों में संगठन की रजत जयंती के स्थपना के अवसर पर मोतियाबिंद शिविरों के आयोजन लगातार किए जाएंगे। संचालक अभिषेक शुक्ला ने किया आभार प्रदर्शन पिंकेश कुमार ने किया।

# आशा उषा आशा महिला कार्यकर्ताओं ने किया कलेक्टर पर प्रदर्शन

## कार्यकर्ता बहनों को तीन-चार महीने से वेतन नहीं मिला



**राजेंद मालवीय**

आशा उषा आशा सहयोगी एकता यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष कविता सोलंकी महासचिव श्रीमती पूजा कनौजिया ने बताया कि आशा कार्यकर्ता बहनों को तीन-चार महीने से वेतन नहीं मिल रहा है जिससे उनको आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह आशा कार्यकर्ता बहाने रात दिन सेवा का कार्य करती है जनसुनवाई में ज्ञापन के बाद में श्रीमान कलेक्टर महोदय ने सभी आशा कार्यकर्ता बहनों को तीन से चार दिन तक वेतन दिलाने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर मुख्य रूप से श्रीमती दीपमाला प्रीति पांचाल रीना सोनी माया गोफने आशा वाकोडे सुजाता जवले गुलनाज खान नीतू वर्मा किरण तिवारी अर्पणा राठौर कला वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थी।

# मुनि श्री महिमा सागर जी महाराज ससंघ का हुआ नगर में मंगल प्रवेश



**आशीष शर्मा**

सनावद। नगर का पुण्य कहे या नगर का सौभाग्य जहां निरंतर दिगम्बरत्व का झंडा बुलंद रखने वाले साधु संतो का सौभाग्य सनावद वाशियो को मिल रहा हे।सन्मति काका ने बताया की आज इसी क्रम में आचार्य देशभूषण सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री महिमा सागर जी महाराज (6 पिच्छि) का सिद्धवरकूट की ओर मंगल प्रवेश हुआ। सभी समाज जनों रेल्वे गेट कोठी रोड पर पहुंच कर मुनि संघ की आगवानी की साथ ही नगर में विराजमान आचार्य विनम्र सागर जी महाराज के संगस्त मुनिराजो ने मुनिसंघ की मोटक्का चौराहे मंगल आगवानी की । तत्पश्चात मुनि संघ के नगर के जिनमंदिरो के दर्शन पश्चात आचार्य श्री विनम्र सागर जी महाराज के पाद प्रक्षालन किए । अगली कड़ी में संत भवन में सभा की शुरुवात आचार्य विराग सागर जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई तत्पश्चात आचार्य विनम्र सागर जी महाराज के पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य दर्शित रजत कुमार जैन बड़द परिवार को प्राप्त हुआ। समाजजनों के द्वारा पुण्यार्जक परिवार का सम्मान कियागया। अगले क्रम में आचार्य विनम्र सागर जी महाराज ने अपनी देशना से सभी को रसपान करवाते हुवे कहा की सात व्यसन से रहित सात भयो से रहित हे लेकिन न्याय से सहित हे । न्याय नीति का पालन करता हे। अन्याय के काम नहीं करता न्याय के काम करता हे। जब विरक्ति आती हे तो फिर आसक्ति नहीं रह जाती हे। सात भयो से रहित सात व्यसनों से रहित ओर भव भोगों से विरक्त हो तब जाकर के सम्यक दर्शन होता हे। इस अवसर पर सभी समाजजन उपस्थित थे आज की आचार्य श्री के आहार दान का सौभाग्य वीरेन्द्र कुमार जैन मुंशी परिवार को प्राप्त हुआ।

महिमा सागर जी महाराज ससंघ का हुआ मंगल विहार

सनावद– नगर में प्रातः सिद्धवरकूट के ओर से विहार कर। नगर में पधारे मुनि श्री महिमा सागर जी महाराज ससंघ मंगल विहार बेड़ियां की ओर हुआ। आप निरंतर इंदौर से मंगल विहार के मांगी तुंगी जी की ओर निरंतर पद विहाररत है।

# असेम्बली ऑफ एम. पी.जर्नलिस्ट्स की कार्यकारिणी बैठक हुई संपन्न



सुनील नगेले

शिवपुरी ।असेम्बली ऑफ एम.पी. जर्नलिस्ट्स के प्रदेश अध्यक्ष श्री राधाबल्लभ शारदा जी के मार्गदर्शन एवं जिला अध्यक्ष जितेन्द्र रघुवंशी (जीतू) के नेतृत्व में ब्लॉक अध्यक्ष नीरज अवस्थी के द्वारा जिला इकाई शिवपुरी की जिला एवं ब्लॉक स्तरीय मीटिंग 01 जून रविवार को शाम 5:30 बजे जिला कार्यालय शंकर कॉलोनी,राजेश्वरी रोड पर रखी गई । जिसमें ब्लॉक कार्यकारिणी के सदस्यता कार्ड का वितरण किया गया, साथ ही संगठन के विस्तार एवं कार्यक्रम को लेकर सभी ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित होने वालों में जिला अध्यक्ष जितेन्द्र रघुवंशी ( जीतू ),जिला कार्यालय प्रभारी विकास दंडोतिया, जिला उपाध्यक्ष केदार गोलिया , शुभ्रा शर्मा , जिला सचिव नीरज कुमार (छोटू),जिला कोषाध्यक्ष नरेश कुशवाह , वरिष्ठ पत्रकार वीरेन्द्र चौधरी , एड. प्रशांत शर्मा , ब्लॉक अध्यक्ष नीरज अवस्थी, उपाध्यक्ष राजाबाबू बाथम, यूसुफ खान, महासचिव कुलदीप आर्य , सचिव धर्मेंद्र सेन , कार्यकारिणी सदस्य यशपाल खन्ना (छोटू),कपिल शिवहरे, राहुल रिठौरिया, अनुराग कटारे, कल्लू सेन आदि।

# कांग्रेस सोशल मीडिया के शिवपुरी विधानसभा अध्यक्ष बने दीपेश फडनीस,मिलीं बधाईयां

सुनील नगेले

शिवपुरी। मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री जीतू पटवारी के निर्देश अनुसार एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजय सिंह चौहान की अनुशंसा पर युवा नेता दीपेश फडनीस को सोशल मीडिया विधानसभा अध्यक्ष शिवपुरी नियुक्त किया गया है। दीपेश फड़नीस को विधानसभा अध्यक्ष बनने पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता बासित अली,मनु राजा,शुभम पाराशर,सिद्धार्थ चौहान,पुनीत शर्मा, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शांतनु सिंह कुशवाहा, शिवम सेंगर, विकास तोमर, आरिफ खान, पार्षद सीटू सडैया, पार्षद पति ललित श्रीवास, के के खंडेलवाल,भोलू धाकड़, आदि ने उनको बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की।



दीपेश फड़नीस ने सोशल मीडिया शिवपुरी विधानसभा अध्यक्ष बनने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और कहा कि पूर्ण ईमानदारी और निष्ठा,लगन से कांग्रेस की रीति नीति और विचारधारा को सोशल मीडिया के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने का कार्य करूंगा।

# मां, सौतेले पिता पर अनैतिक कार्य करवाने का आरोप:शिवपुरी में जनसुनवाई में पहुंची नाबालिग, बोली-विरोध करने पर प्रताड़ित करते हैं

सुनील नगेले

शिवपुरी। शिवपुरी में मंगलवार को जनसुनवाई में एक नाबालिग लड़की ने कलेक्टर से अपनी मां और सौतेले पिता के खिलाफ शिकायत की। उसने अपनी मां और सौतेले पिता पर उसे अनैतिक कार्यों में धकेलने का आरोप लगाया है।

## विरोध करने पर शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना

पीड़िता ने बताया कि उसके पिता का निधन साल 2021 में हो गया था। मां ने एक युवक को घर में रख लिया। अब दोनों अनैतिक काम करने का दबाव बनाते हैं। विरोध करने पर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। परेशान होकर कुछ समय पहले कोलारस में रहने वाली अपनी मौसी के घर चली गई थी। मौसी के यहां मुझे किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं है।



मौसी के घर से जबरन ले जाने की दे रहे धमकी नाबालिग का कहना है कि मां और गांव के तीन-चार दबंग उसे लगातार धमकी दे रहे हैं। वे कह रहे हैं या तो खुद आ जा, या फिर हम तुझे जबरन लेकर आएंगे। वे मुझे मौसी के घर रहने नहीं दे रहे हैं। कलेक्टर को दिए गए आवेदन में उसने अपनी और मौसी की सुरक्षा की मांग की है। साथ ही, उसने अपनी मां, सौतेले पिता और उसे धमकाने वाले दबंगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# बुजुर्ग महिला को पोती की शादी के लिए मिलेंगे बैंक से रुपए, विधायक देवेंद्र जैन ने की अधिकारियों से बात

सुनील नगेले



शिवपुरी। जिले के फतेहपुर की बुजुर्ग महिला सरजू बाई शिवहरे ने अपनी पोती की शादी के लिए की गई एफडी की रकम न मिलने पर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। उनका आरोप है कि बैंक पैसे देने से इनकार कर रहा है, जबकि शादी की तारीख नजदीक आ चुकी है। परिवार के मुताबिक, सरजू बाई के बेटे परमाल शिवहरे ने 22 अक्टूबर 2024 को अपनी बेटी की शादी के लिए 5 लाख रुपए की एफडी करवाई थी। अब शादी 9 जून 2025 को होनी है, लेकिन बैंक समय से पहले एफडी तोड़ने की मंजूरी नहीं दे रहा। परमाल सब्जी बेचने का काम करते है और उन्होंने बड़ी मेहनत से पैसे जमा किए थे। यह मामला जब शिवपुरी विधायक देवेंद्र जैन के संज्ञान में आया तो उन्होंने मामले को लेकर संबंधित अधिकारियों से बात की तो उसे बात का सकारात्मक परिणाम निकला बुजुर्ग महिला सरजू भाई को बुधवार को 100000 बैंक से प्राप्त हो जाएंगे वहीं अन्य राशि दिलवाने का भी जल्द से जल्द प्रयास किया जाएगा।

# अनुशासन और मेहनत से जीवन के हर पड़ाव पर सफल हो सकते हैं:एसपी




शिवपुरी । यह बात पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने पिछोर में छत्रसाल कॉलेज में आयोजित सृजन कार्यक्रम के समापन पर कही, सामुदायिक पुलिसिंग एवं बेटियों के सशक्तिकरण के लिए ग्राम गजोरा में पिछले 18 दिनों से कदम जन विकास संस्था द्वारा सृजन कार्यक्रम चलाया जा रहा था जिसका समापन आज छत्रसाल कॉलेज पिछोर में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिवपुरी जिले के पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ मौजूद रहे, राठौर ने अपने उद्बोधन में लगातार बच्चों से चर्चा की उन्हें जीवन में सफल होने के मंत्र सिखाएं एवं सभी बच्चों को शिक्षा स्वास्थ्य एवं अनुशासन का महत्व समझाया! कार्यक्रम में 18 दिवसीय जो भी गतिविधि हुई उनके बारे में एवं संस्था के उद्देश्य के बारे में संस्था की सचिव श्रीमती श्वेतागिनी श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा संस्था के माध्यम से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ,बच्चों ने इसमें बढ़ चढ़कर भाग लिया,मंच संचालन श्रीमती अनुपम साहू द्वारा किया गया एवं बच्चों की प्रतिभा प्रदर्शन का संचालन श्री भानु जी द्वारा किया गया, कार्यक्रम में पिछोर के एसडीओपी प्रशांत शर्मा थाना प्रभारी श्री जितेंद्र मावई उपस्थित रहे, प्रशांत शर्मा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संस्था को धन्यवाद दिया।

# यादव महासभा के ने किया विशाल विरोध प्रदर्शन, कई संगठनों का मिला साथ

## मनोज यादव के साथ मारपीट के आरोपियों पर कठोर कार्यवाही की मांग





### 7 दिवस का दिया अल्टीमेटम

टीकमगढ़ - बीते रोज 23 मई 2025 की रात्रि लगभग 11 बजे मनोज यादव पिता भागबल यादव निवासी बम्होरी मड़िया के साथ जिला जेल के पास रहने बाले संजय सिंह उर्फ गुड्डू गौर ओर उनके पुत्रो सहित अन्य व्यक्तियों के द्वारा जमकर मारपीट की गई थी। यह विवाद पैसों के लेनदेन को लेकर बताया गया था, जिसमे पीड़ित मनोज यादव का एक मारपीट का वीडियो भी शोसल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमे मनोज यादव के साथ गंभीर मारपीट की जा रहीं थी, जिसमे पीड़ित के मुंह और नाक-कानों से खून वह रहा था, साथ ही मारपीट करने बालो के द्वारा गोली मारने की धमकी भी दी जा रहीं थी। जिसके बाद भी उल्टा कोतवाली पुलिस ने पीड़ित मनोज यादव पर ही उल्टा मारपीट की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर दिया था। जैसे ही रात्रि में मारपीट का वीडियो वायरल हुआ था, तब यादव महासभा के द्वारा पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौपकर मारपीट करने बाले आरोपी संजय सिंह गौर उर्फ गुड्डू, युवराज सिंह गौर, आदित्यराज सिंह, जितेंद्र ठाकुर एवम गगन सोनी पर धारा 307 के तहत मामला दर्ज करने और कोतवाली पुलिस द्वारा मारपीट करने बालो से सांठगांठ कर मनोज यादव पर फर्जी मामला दर्ज करने के मामले में कोतवाली प्रभारी पंकज शर्मा एवं आरक्षक मनीष भदौरिया को बर्खास्त करने की मांग की थी, साथ ही मारपीट करने बाले व्यक्तियों द्वारा शासकीय जमीन पर बनाये गए मकान को तोड़ने, उकने शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने एवम पीड़ित मनोज यादव पर दर्ज किए गए फर्जी मामले को खारिज करने की मांग की थी, जिस पर पुलिस के द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नही करने के मामले में आज यादव महासभा ने विशाल विरोध प्रदर्शन कर कलेक्टर को ज्ञापन सौपा है, जिसमे यादव महासभा के साथ ओबीसी महासभा, भीम आर्मी, मांझी समाज, बुंदेलखंड किसान मजदूर संघ, यादव संगठन, आजाद समाज पार्टी, ओबीसी जनकल्याण संघ सहित अन्य संगठनों ने मनोज यादव को न्याय दिलाने और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करने के लिए एकजुट होकर एक विशाल प्रदर्शन किया है। जिसमे आज चकरा स्थित एक निजी गार्डन में सभी लोग एकजुट हुए जंहा पर एक सभा का आयोजन किया गया, जिसके बाद कलेक्टर कार्यालय तक सभी के द्वारा पैदल मार्च किया गया औऱ कलेक्टर को ज्ञापन सौपा गया। जिसमे यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव, युवा प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर पुष्पेंद्र यादव, यादव महासभा जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र यादव वीरपुरा, ओबीसी जनकल्याण के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार यादव सेसई, यादव समाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रूपेश सिंह यादव, पूर्व विधायक अजय यादव, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अभय यादव, जतारा जप. अध्यक्ष महेश यादव, प्रमोद यादव नदिया, मुन्नीलाल यादव, ओबीसी महासभा के जिला अध्यक्ष दीनदयाल कुशवाहा, बीड़ी यादव एडवोकेट, भीम आर्मी जिलाध्यक्ष संजू चौधरी सहित अन्य पदाधिकारियों ने हजारों लोगों के साथ कलेक्टर विवेक श्रोतिय को एक ज्ञापन सौपा है। जिसमे मारपीट के सभी आरोपियों पर धारा 307 के तहत मामला दर्ज करने, एवम दोषी कोतवाली प्रभारी पंकज शर्मा, आरक्षक मनीष भदौरिया को बर्खास्त करने की मांग उठाई, साथ ही शासकीय जमीन पर बनाये गए मकान तोड़ने और शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की मांग उठाई है, इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव ने कहा कि अगर प्रशासन और पुलिस उक्त कार्यवाही 7 दिवस के भीतर कार्यवाही नही करता है तो प्रदेश स्तर पर एक विशाल आंदोलन कर सीएम हाउस का घेराव किया जाएगा। इस दौरान यादव महासभा के प्रदेश सचिव, कमलेश यादव कारी, युवा जिलाध्यक्ष सचिन यादव, राहुल यादव घाट खिरिया, जैकी यादव, चीकू यादव, राजू यादव नीमखेरा, रामेश्वर यादव सरपंच, घनेन्द्र यादव सरपंच, सरदार यादव सरपंच, मुखिया यादव शिवराजपुर, सहित हजारो की संख्या में लोग मौजूद रहे।



इनका कहना है - इस सम्बंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम ससत्या ने बताया कि जो भी उचित मांगे उनकी होंगी उनकी जांचकर कार्यवाही की जाएगी।

# अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा की बैठक आयोजितः 9 सूत्रीय मांगों पर की चर्चा

**संदीप वाईकर**

आमला। माथनकर लॉन बोड़खी में प्रदेश महामंत्री अशोक झा की अध्यक्षता में अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में वाल्मीकि समाज को शिक्षा की और अग्रसर करने एवं समाज को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने पर ज़ोर दिया तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने की दिशा में कार्य करने का आव्हान किया गया वाल्मीकि समाज के प्रदेश अध्यक्ष पुरुषोत्तम डागोर ने समाज सुधार कार्यों एवं शासन से मिलने वाली समाज की सुविधाओं के विषय में चर्चा की गई एवं नगर पालिका सफाई कर्मचारियों को नियमित करने, वर्गीकरण, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, सामाजिक न्याय, वाल्मीकि मंदिर बनाने की मांग, बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित, सामाजिक विवाह योजना, आदि शासन से मिलने वाली योजनाओं से सामाजिक लोगों को कैसे जोड़े के विषय मे चर्चा की गई।



कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष पुरूषोत्तम डागोर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,जगदीश गोदरे, संजय वाल्मीकि महासचिव, कैलाश पत्रों संगठन सचिव, अशोक झा महामंत्री, ज्वाला प्रसाद बहोत, धनराज धौलपुरिया, संजीव गुहार जिला अध्यक्ष, कैलाश झा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बसंत नरवरे, अशोक गोगले, अनेक घोघले, महेश माहुरिया, मुकेश बहोत बंसी बैसवाल, श्रीमती शशि डागोर, नरेंद्र गोदरे, सतीश राठौर, जीवन समुदे, अनिल चौहान, रामकुमार, जीवन नायडू, अमित सरवन एवं वाल्मीकि समिति के पदाधिकारी सफाई कर्मचारी प्रकोष्ठ समिति के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी शामिल हुए।



# दुनिया का सबसे छोटा इंटरनेशनल ब्रिज


## जिसका एक छोर कनाडा में तो दूसरा न्यूयॉर्क में

**क्या आप दुनिया के सबसे छोटे इंटरनेशनल ब्रिज के बारे में जानते हैं? वो ब्रिज, जिसका एक छोर कनाडा में है तो दूसरा न्यूयॉर्क में पड़ता है? इन दोनों आइलैंड का मालिक एक ही है. ऐसे में वो शख्स अपने मन-मुताबिक, किसी देश में नाश्ता कर सकता है तो किसी देश में डिनर. जानिए इस अनोखे ब्रिज की दिलचस्प कहानी...**

दुनियाभर में कई ऐसी जगहें हैं, जिनके बारे में जानकर हैरानी होती है. पहली बार में उन जगहों की मौजूदगी पर यकीन कर पाना मुश्किल होता है. लेकिन असलियत जानने के बाद हर कोई चौंक जाता है. आज हम आपको एक ऐसी ही जगह के बारे में बताने जा रहे हैं. अगर आपसे पूछा जाए कि क्या आप दुनिया के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय ब्रिज के बारे में जानते हैं? शायद ज्यादातर लोगों को इस बारे में जानकारी नहीं होगी. लेकिन आपको बता दें कि ये पुल जहां पर बना है, वहां रहने वाला शख्स अपनी मर्जी के मुताबिक कनाडा में नाश्ता करता है तो अमेरिका में डिनर कर सकता है. अब आप सोच रहे होंगे कि ऐसा कैसे संभव है? तो बता दें कि सबसे छोटा इंटरनेशनल ब्रिज नदी में बसे दो छोटे आइलैंड के बीच बना है, जिसका मालिक एक ही शख्स है.


चूकि 1793 में यहां पर कनाडा और अमेरिका के बीच बॉर्डर का निर्धारण नदी को लेकर हुआ था. ऐसे में नदी के बीचों-बीच बसे जाविकॉन आइलैंड का भी बंटवारा दो हिस्सों में हो गया. इस आइलैंड का दो तिहाई हिस्सा कनाडा के पास चला गया, तो एक तिहाई हिस्सा अमेरिका के कब्जे में आ गया. साल 1902 में एल्मर एंड्रेस नाम के एक व्यवसायी ने जॉविकन आइलैंड के कनाडा वाले हिस्से में जर्मन शैली का एक विला बनवाया. उसी शख्स ने अपने घर के चारों तरफ सब्जी का बागीचा और घाट बनवाने के उदेश्य से सेंट लॉरेंस नदी के बीचों बीच स्थित जाविकॉन आइलैंड पर लकड़ी का यह पुल भी बनवा दिया. बाद में इस सबसे छोटे इंटरनेशनल ब्रिज को 'बैकयार्ड बॉर्डर क्रॉसिंग' नाम दिया गया था.

ब्रिज का यह नाम अमेरिकी प्रेस द्वारा दिया गया और उन्होंने ही लकड़ी के इस क्रॉसिंग को दुनिया का सबसे छोटा अंतरराष्ट्रीय पुल भी माना था. इस पुल पर बड़े आइलैंड की दिशा में कनाडा का झंडा है, तो छोटे आइलैंड की तरफ अमेरिका का झंडा लगा हुआ है. आपको जानकर हैरानी होगी कि अमेरिका और कनाडा के बीच बना दुनिया का सबसे छोटा इंटरनेशनल ब्रिज लगभग 32 फीट लंबा है. साल 1976 में डोनाल्ड रिकर्ड और उनकी पत्नी जूली रेकाई रिकर्ड ने इन दोनों आइलैंड को खरीद लिए. इसके बाद पुल पर हंगरी का झंडा भी लग गया. इंस्टाग्राम पर इससे जुड़ा एक वीडियो पोस्ट भी शेयर किया गया, जिस पर लोग जमकर कमेंट कर रहे हैं.



### क्यों पुल के बीच में लगा हंगरी का झंडा?

कनाडा और अमेरिका के कब्जे वाले इन दोनों आइलैंड को डोनाल्ड रिकर्ड और उनकी पत्नी जूली रिकर्ड ने खरीद लिया था. जूली का परिवार मूल रुप से हंगरी का रहने वाला था, जिसकी वजह से ब्रिज पर हंगरी का झंडा भी लगा दिया गया. अब सवाल यह उठता है कि आखिर दो देशों के बीच कोई कैसे तीसरे देश का झंडा लगा सकता है, तो बता दें कि इसके पीछे भी दिलचस्प कहानी है. दरअसल, जूली की मां, काटी रेकाई का जन्म 1921 में बुडापेस्ट में कैटालिन डेसिडर के नाम से हुआ था. वह अपने पति डॉ. जानोस रेकाई के साथ सन् 1948 में हंगरी के साम्यवादी शासन से बचकर पहले फ्रांस, फिर कनाडा चली गई. कनाडा में जूली के पिता ने खूब ख्याति हासिल की. उन्होंने अपने भाई के साथ मिलकर 36 अलग-अलग भाषाओं में बात करने वाले कर्मचारियों से निपुण अस्पताल का निर्माण करवाया. बाद में जूली ने भी कनाडाई साहित्य के अंतरराष्ट्रीय प्रचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसकी वजह से ब्रिज पर हंगरी का झंडा भी सजा दिया गया.



# अनोखा है दिल्ली का टॉयलेट म्यूजियम...

## यहां मौजूद हैं सालों पुराने हजारों अजीबोगरीब शौचालय

**दिलवालों की दिल्ली में घूमने की बहुत जगह हैं. ऐतिहासिक इमारत, पार्क और म्यूजियम भी. दिल्ली के एक अजब-गजब टॉयलेट म्यूजियम की कहानी ही हम आज आपके लिए लेकर आए हैं. यह म्यूजियम सिर्फ भारत ही नहीं विदेश में भी फेमस है. पूरी दुनिया के 10 अजीबोगरीब म्यूजियम में टॉयलेट म्यूजियम तीसरे स्थान पर आता है.**

दिल्ली का टॉयलेट म्यूजियम पश्चिमी दिल्ली के महावीर एन्क्लेव इलाके में सुलभ इंटरनेशनल म्यूजियम ऑफ टॉयलेट बना है. म्यूजियम की गेस्ट कोऑर्डिनेटर निगार इमाम ने लोकल 18 की टीम से बातचीत की. उन्होंने बताया कि ये म्यूजियम सन् 1992 में सोशल एक्टिविस्ट, डॉक्टर बिंदेश्वर पाठक ने बनवाया था. इसका संदेश स्वच्छता से जुड़ा है. इस म्यूजियम में आपको 2500 ईसा पूर्व से आज तक के सभी तरह के शौचालय देखने को मिल जाएंगे. इस म्यूज़ियम में पांच हजार साल पुराने टॉयलेट सीट से लेकर मॉडर्न टॉयलेट के कमोड तक मौजूद है.



### टॉयलेट म्यूजियम की खासियत

इस म्यूजियम में आपको एक से बढ़कर एक अजीबोगरीब टॉयलेट देखने को मिलेंगे. कोई दो मंजिला है, तो किसी में कमाल की नक्काशी की गई है. हर एक टॉयलेट की अपनी एक दिलचस्प कहानी है. हां, आपको टेबल टॉप टॉयलेट देखने को मिल जाएगा जैसे राजा महाराज अपने साथ ले जाया करते थे. टेबल टॉप टॉयलेट मल्टी-पर्पस कार्यों के लिए होते थे. जिस पर बैठकर न सिर्फ शौच किया जा सकता था, बल्कि जरुरत पड़ने पर उस पर बैठ कर ब्रिटिश शिकारी भोजन भी किया करते थे. यहां आपको राजाओं के सिंहासन वाले टॉयलेट भी देखने को मिल जाएंगे

### जाने से पहले रखें इन बातों का ख्याल

ये म्यूजियम सुबह 10 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक खुला रहता है, जिसकी एंट्री फीस निःशुल्क है. इस म्यूजियम में आने के लिए आपको नजदीक मेट्रो स्टेशन दशरथ पुरी पड़ेगा.



# बार-बार होने वाले ज्वालामुखी विस्फोट से बनी ऐसी भू-आकृतियां

आपको जानकर आश्चर्य होगा कि सऊदी अरब कई ज्वालामुखियों और ज्वालामुखी क्षेत्रों का घर है। उनमें से एक है हेरत खैबर। मदीना के उत्तर में स्थित हेरत खैबर को राज्य में सबसे बड़े ज्वालामुखीय क्षेत्रों में से एक माना जाता है। यह 12,000 वर्ग किलोमीटर से ज्यादा के क्षेत्र में फैला हुआ है और पिछले 50 लाख सालों में यहां कई बार ज्वालामुखी विस्फोट हुए। राख में मौजूद सिलिकॉन और ज्वालामुखी विस्फोट की वजह से निकलने वाली गैसों की वजह से इसका रंग कुछ इस तरह हो गया है।



# मां आदिशक्ति के अवतरण की प्रत्यक्षानुभूति हैं सहजयोग ध्यान

परमात्मा का मानव अथवा अन्य किसी रूप में अवतरण हिंदू धर्म की एक महत्वपूर्ण अवधारणा है, अवतारवाद मानवता को सही मार्ग दिखाने के लिए महत्वपूर्ण है। जब लोग धर्म से भटक जाते हैं, तो ईश्वर अपने अवतार के माध्यम से धर्म की पुनर्स्थापना करते हैं।

कलियुग में जब चारों ओर त्राहि त्राहि मची है, धर्म के नाम पर युद्ध चल रहे हैं, समाज में भेदभाव, वैमनस्य, रिश्तों में दरार, जीवन जीने की प्रतियोगिता के कारण हताशा लोगों के मन में घर कर रही है, चाहे वो आर्थिक रुप से संपन्न हो या गरीब। मानव शांति की तलाश में भटक रहा है। ऐसे समय में परमपूज्य श्री माताजी ने मानव को उद्धार देने के उद्देश्य से अवतरित होकर सहज योग की स्थापना की। सहज योग से मानव के कल्याण हेतु गहन चिंतन और मनन के पश्चात् अंततः नारगोल में 5 मई के दिन परमपूज्य श्री माताजी ने ध्यानावस्था में ब्रम्हांड का सहस्त्रार खोला और सत्य के साधकों को आत्मसाक्षात्कार का मार्ग दिखाया। आत्मसाक्षात्कार सनातन संस्कृति में ईश्वर प्राप्ति का एकमात्र मार्ग है जिसके लिए साधक गहन ध्यान, हठयोग, भक्तियोग, संन्यास आदि अनेक माध्यमों से कठिन साधना करता है तब भी एक जीवन में सभी इसे प्राप्त नहीं कर पाते।



आज लाखों साधक सहज ध्यान से ईश्वरीय अनुभूति को आत्मसात कर रहे हैं। सहजयोग में पहली बार आने वाले साधकों को इतनी सहजता से ईश्वर का पाना असंभव सा लगता है, पर जागृति होते ही हथेली और सिर के तालु भाग में प्रवाहित हो रहे चैतन्य से हम परमपूज्य श्री माताजी के आदिशक्ति स्वरुप को पहचान लेते हैं।

सहज योग धीरे धीरे बढ़ता है। सहज योग में कुंडलिनी का जागरण तत्क्षण हो जाता है, बस साधक को इस ज्ञान की शुद्ध इच्छा होनी चाहिए। लेकिन अपने हाथों के चैतन्य को समझने और निर्विचार स्थिति में पहुंचने के लिए ध्यान में गहनता पानी होती है ताकि हम अपने अंदर स्थित नाड़ियों और चक्रों की स्थिति को समझ सकें। इस अद्भुत ध्यान पद्धति की संस्थापिका महज एक गुरु नहीं बल्कि ईश्वर का अवतरण हैं। आज संसार में जितने भी सहज योग के सच्चे साधक हैं सभी अपनी माँ की शक्ति के उत्तराधिकारी हैं। सभी को मां ने वो शक्ति दी है कि वे एक साथ हजारों लोगों को आत्मसाक्षात्कार दे सकें। यही सहज योग की विशेषता है कि यहाँ हर साधक स्वयं का गुरु है।

नये साधक को ध्यान के दौरान कुछ क्षण शांत बैठने के बाद अपने निकटतम परिवेश में एक शांति महसूस होने लगती है। अभी भी साधक दरवाज़ों के बंद होने और गाड़ियाँ गुजरने जैसी बाहरी आवाज़ों से अवगत होते रहते है, परंतु साथ ही एक शांत ऑरा की आभा को अपने ऊपर छाए हुए महसूस भी करते हैं। इससे पता चलता है कि हमारी कुंडलिनी पूरे प्रवाह में है, और हम निश्चिंत हो सकते हैं कि हम एक सौम्य प्रक्रिया से लाभान्वित हो रहे हैं। हमें अपने हाथों, चेहरे या शरीर के आसपास सामान्य झुनझुनी या ठंडक की अनुभूति भी हो सकती है। यह इस बात का भी प्रमाण है कि सिस्टम उसी तरह काम कर रहा है जैसा उसे करना चाहिए। दूसरी ओर, अगर पहले कुछ दिनों में हमें थोड़ा या कुछ भी महसूस न हो तो चिंता नहीं करनी चाहिए, श्रद्धा व विश्वास से नियमित ध्यान करने से कुछ ही समय में हम चैतन्य को अनुभव करने लगते हैं। अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 या वेबसाइट www.sahajayoga.org.in पर देख सकते हैं। सहज योग पूर्णतया निशुल्क है।

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर

एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

# रेत माफियाओं के निशाने पर सिंध नदी के घाटः दिन-रात नदी से रेत का उत्खनन हो रहा



ऋषि गोस्वामी

शिवपुरी जिले के कोलारस अनुवभागीय क्षेत्र के पचावली सिंध घाट पर रेत माफियाओं द्वारा बेखौफ सिंध नदी का सीना चीर रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा है। बताया गया है इससे पहले इस घाट पर रात के समय चोरी-छिपे रेत का अवैध रूप परिवहन किया जाता था लेकिन प्रशासन की उदासीनता के चलते अब रेत माफियाओं द्वारा अब दिन रात सिंध के घाट से परिवहन कर सरकार के राजस्व को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। अवैध रूप से पचावली सिंध घाट से रेत के परिवहन का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें रेत माफियाओं द्वारा मजदूर लगाकर मौके पर ही रेत को चलने से छनवा कर ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरवाया जा रहा है।

## स्टॉप डेम पर रेत माफियाओं की नजर

बता दें कि कोलारस विधानसभा से होकर गुजरी सिंध नदी पर पूर्व से रेत माफियाओं की नजर थी। इधर सरकार ने किसानों के हित को देखते हुए घुरवार, रिजोदी, रेंझाघाट, भड़ौता, टामकी, सढ़ में स्टॉप डेम बनवा दिए थे। जिससे किसानों की फसलों को पर्याप्त पानी मिल सके साथ ही जल स्तर भी बेहतर रहे। इन स्टॉप डेमों में पानी भरने से रेत नहीं निकल पा रही थी जिससे रेत माफियाओं को लगातार नुकसान हो रहा था। हाल ही में पचावली का वीडियो सामने आया है । जहां रेत माफियाओं द्वारा डेम का गेट पानी निकालने के लिए खोल दिया था। जिससे पानी छटने के बाद आराम से रेत का उत्खनन किया जा सके।

## इनका क्या कहना है

जब इस विषय में शिवपुरी कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी से रंजीत टाइम के संवाददाता ऋषि गोस्वामी से चर्चा हुई कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी का कहना है हम टीम भेजेंगे और कार्रवाई करेंगे।

# लघु उद्योग भारती मध्य प्रदेश के मालवा अंचल की बैठक धार मे सम्पन्न हुई

## एवं अंचल कार्यकारिणी का हुआ पूनर्गठन

दैनिक रणजीत टाइम्स


धार – लघु उद्योग भारती मालवा अंचल की महत्वपूर्ण बैठक धार में सम्पन्न हुई। बैठक में अखिल भारतीय उपाध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश प्रभारी श्री ताराचंद गोयल जी, प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश मिश्रा, प्रदेश महामंत्री श्री अरुण सोनी, तथा प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री अरविंद मनोहर काले सहित मालवा अंचल के 16 जिलों से पधारे 150 से अधिक उद्यमियों ने सहभागिता की। बैठक के विभिन्न सत्रों में संगठन कार्य का विस्तार, महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करना, युवा उद्यमियों को जोड़ना, तथा अधिक से अधिक लघु उद्योगों को संगठन से जोड़ने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही, संगठन से जुड़ने से मिलने वाले लाभों को भी विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया गया। बैठक के अंतिम सत्र में मालवा अंचल का पुनर्गठन करते हुए नवीन कार्यकारिणी की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश मिश्रा द्वारा की गई।

# कोलारस में नशे में धुत ड्राइवर ने युवक को कुचलाः 23 साल के इकलौते बेटे की मौत, गुस्साए लोगों ने हाईवे जाम किया



मंगलवार सुबह कोलारस कस्बे में एक्सिस बैंक के पास एक ट्रक ने स्कूटी सवार युवक को कुचल दिया। हादसे में 23 वर्षीय अंकित गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद देर शाम गुस्साए लोगों ने एबी रोड और एनएच-46 पर चक्काजाम कर दिया। इससे लंबा जाम लग गया।अंकित गुप्ता जगतपुर तिराहे से स्कूटी पर लौट रहा था। इसी दौरान शिवपुरी से गुना जा रहे ट्रक (R) 28 GA 3763) ने एक्सिस बैंक के सामने टक्कर मार दी। अंकित स्कूटी समेत ट्रक के नीचे आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक चालक नशे में था और इससे पहले एक आइसक्रीम ठेले और एक बाइक को भी टक्कर मार चुका था। उन हादसों में लोग बाल-बाल बचे। गुस्साए लोगों ने किया चक्काजाम हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने एबी रोड और एनएच-46 पर चक्काजाम कर दिया। लोगों का आरोप था कि शहर में भारी वाहन तेज रफ्तार से दौड़ते हैं, लेकिन प्रशासन ने न तो बेरिकेडिंग की और न ही कोई निगरानी व्यवस्था की है।




## देरी से पहुंची एंबुलेंस, पुलिस ने समझाया

एंबुलेंस के देर से पहुंचने पर भी लोगों ने नाराजगी जताई। एडिशनल एसपी संजीव मुले मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाया। इसके बाद धीरे-धीरे चक्काजाम समाप्त हुआ।

## ट्रक जब्त, जांच जारी

पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों ने शहर में भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध और ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने की मांग की है। अंकित अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे।